अब चलेगा आमिर खान का गेम - p 8 | अब चढ़ेगा फैशन का बुखार - p 7

नवभारत टाइम्स

NBT Faridaba

| बुधवार 6 अप्रैल 2011 |

SMS ने दिखाया असर, रुकी पानी की बर्बादी

एक संवाददाता ॥ सेक्टर-15

पानी को बर्बाद होने से बचाने के लिए कंफेडरेशन ऑफ रेजिडेंट्स वेलफेयर असोसिएशन की ओर से चलाया गया अभियान सफल साबित हुआ। इसका असर कई सेक्टर के रेजिडेंट्स पर पड़ा। मंगलवार सुबह जब कंफेडरेशन की टीम ने सेक्टरों का दौरा किया तो पाया गया कि किसी ने पानी वेस्ट नहीं किया। इस मुद्दे को एनबीटी में प्रमुखता से प्रकाशित करने पर कंफेडरेशन के पदाधिकारियों ने एनबीटी का तहे दिल से धन्यवाद दिया।

रविवार की मीटिंग में कंफेडरेशन ने शहर में पानी की बर्बादी रोकने के लिए मोबाइल एसएमएस प्रक्रिया अपनाई थी जिसके तहत सभी 80 आरडब्ल्यूए व कंफेडरेशन के मेंबरों समेत प्रशासनिक अधिकारियों को पानी की बर्बादी रोकने का मेसेज भेजा गया था। इसी मुद्दे पर एनबीटी ने 5 अप्रैल को खबर प्रकाशित की थी जिसका असर मंगलवार सुबह कुछ सेक्टरों में देखने को मिला। कंफेडरेशन ऑफ रेजिडेंट्स वेलफेयर असोसिएशन के सेक्रेटरी जनरल ए. एस. गुलाटी ने बताया कि वह सुबह 9 बजे सेक्टर-15,16 व 17 में देखने निकले थे कि सुबह के वक्त लोग अपने घरों से बाहर पानी गिराते हैं या नहीं। उन्होंने बताया कि जब वे सेक्टर में राउंड लगा रहे थे तो जहां-जहां लोग हर रोज अपनी गाड़ी पानी की मोटर लगाकर धोते थे वे बाल्टी में पानी लेकर गाड़ी साफ कर रहे थे। किसी भी घर के आगे पानी नहीं गिरा था। उन्होंने कहा कि कंफेडरेशन की ओर चलाया गया ये अभियान एनबीटी की बदौलत कामयाब साबित हुआ है। लोगों को इस खबर से सीख मिली है।

इम्पैक्ट एनबीटी

थैंक्स एनबीटी

- कन्फेडरेशन ने मंगलवार सुबह किया सेक्टरों का दौरा
- पाया गया कि लोगों ने नहीं की पानी की बर्बादी
- कन्फेडरेशन ने की थी बर्बादी रोकने की अपील